nandgaon times JULAI-06-2.qxd 7/5/2025 10:51 PM Page 1

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2
ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स






।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 06 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 256, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# विधानसभा की कार्यवाही से आमजनों को अवगत कराने में संसदीय पत्रकार निभाते हैं बड़ी भूमिका : मुख्यमंत्री

## छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा में संसदीय पत्रकारों का योगदान अतुलनीय : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा परिसर के प्रेक्षागृह में संसदीय रिपोर्टिंग विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य और विधानसभा के रजत जयंती वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश विधानसभा ने भी 25 वर्षों की गौरवमयी यात्रा पूरी की है और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि हाल ही में विधायकों के लिए भी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था, जिसका लाभ हमारे सदस्यों को मिला है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में अनेक नवनिर्वाचित विधायक भी हैं, जिनकी यह जिम्मेदारी है कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठाएं। इसी तरह पत्रकारों की भी अहम भूमिका है, जो विधानसभा की गतिविधियों को जनता तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी पत्रकार बंधु बड़ी मेहनत से विधानसभा की कार्यवाही को कवर करते हैं, जिससे आमजन यह जान पाते हैं कि विधायकों द्वारा उनके मुद्दों को गंभीरता से उठाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा उत्कृष्ट पत्रकारों को सम्मानित करने की परंपरा को भी सराहा और कहा कि इससे पत्रकारों का मनोबल बढ़ता है तथा संसदीय रिपोर्टिंग को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कार्यशाला पत्रकारों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी और इसके माध्यम से विधानसभा की गतिविधियां और अधिक प्रभावी रूप से जनता तक पहुंचेंगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने



संबोधन में संसदीय पत्रकारिता की महत्ता बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा में पत्रकारों का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा कि संसदीय पत्रकारिता अत्यंत संवेदनशील दायित्व है, जो सदन की गोपनीयता, अनुशासन और गरिमा को बनाए रखते हुए जनता तक सटीक एवं निष्पक्ष जानकारी पहुंचाने का कार्य करती है। डॉ. सिंह ने कहा कि पत्रकार जब पक्षङ्कविपक्ष से परे रहकर निष्पक्ष रूप से विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन करते हैं और उसे प्रस्तुत करते हैं, तब लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि संसदीय प्रणाली की गहरी समझ से ही पत्रकार बेहतर ढंग से जनता को विधानसभा की गतिविधियों से अवगत करा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संसदीय पत्रकारिता में विशेष रूप से विधानसभा की प्रक्रिया से जुड़े समाचारों को सरल भाषा में प्रस्तुत करना आवश्यक है, ताकि आमजन तक वे प्रभावी ढंग से पहुंच सकें। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ एवं दिवंगत पत्रकारों का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि प्रदेश की पत्रकारिता परंपरा ने सदैव विधानसभा की गरिमा बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यशाला में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पत्रकारों की भूमिका को नारद मुनि की परंपरा से जोड़ते हुए कहा कि पत्रकार समयबद्धता और सजगता के साथ लोकतंत्र के संवाहक होते हैं। डॉ. महंत ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से सभी को कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा और संसदीय पत्रकारिता को समझने का दायरा और व्यापक होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह आयोजन उपयोगी सिद्ध होगा और पत्रकारों के कार्य को नई



दिशा देगा। उन्होंने अपनी लंबी संसदीय यात्रा का स्मरण करते हुए कहा कि इस दौरान पत्रकारों के साथ बिताए गए समय और अनुभव अत्यंत मूल्यवान रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों की सजगता, सटीकता और संवेदनशीलता की सराहना की, जो वर्षों से संसदीय गतिविधियों को जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप, विधानसभा के सचिव श्री दिनेश शर्मा, आईआईएमसी के पूर्व महानिदेशक श्री संजय द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे।

# उज्जैन की तर्ज पर संस्कारधानी में निकलेगी महाकाल की 12 पालकी यात्रा

## सावन में शिव मय होने जा रहा राजनांदगांव शहर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव के साथ आषाढ़ की विदाई हो जाएगी फ्रि 11 जुलाई से सावन शुरू हो रहा है शिव जी के पावन महीने में सृष्टि का कार्यभार भगवान विष्णु जी शंकर जी को सौंप देते हैं जिसमें प्रत्येक सोमवार को महाकाल की पालकी यात्रा महाकाल के भक्तों द्वारा निकले जाने की भव्य तैयारी की जा रही है।



उक्त संबंध में महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि संस्कारधानी राजनंदगांव खैरागढ़ डोंगरगांव डोंगरगढ़ बोदला पार्री कला पालकी यात्रा राजनंदगांव शहर के विभिन्न मार्गो में भ्रमण करेगी। इस दौरान एक से बढ़कर एक बाजे गाजे की प्रस्तुति दी जाएगी जिसमें महाकाल के भक्त धार्मिक और पारंपरिक वेशभूषा धोती कुर्ता में नजर आएंगे। प्रथम यात्रा दिनांक 14.7.25 दिन सोमबार प्रारंभ नंदई हाट बाजार, नंदई चौक, इंदरानगर चौक, बासपाई पारा चौक, दुर्गा चौक, गांधी चौक, महाकाल चौक, आजाद चौक, गुड़?रखूँ लाइन गोल बाजार लक्ष्मी मंदिर हमाल पारा में विश्राम, द्वितीया यात्रा दिनांक 21.7.25 दिन सोमवार प्रारंभ क्लब चौक बसंतपूर, महामाया चौक, गांधी नगर महेश नगर, कमला कालेज चौक, रेस्ट हाउस मार्ग, प्रभात नगर, लाल बाग सिंधु भवन में विश्राम, तृतीय सोमवार यात्रा प्रारंभ दिनांक 28.7.2025 ढाबा शांति नगर चिखली स्टेशन पर गौरी नगर विश्राम, चतुर्थ सोमवार यात्रा 4-8.25 शाही पालकी यात्रा सिद्ध पीठ मां शीतला माता मंदिर, फव्वारा चौक जमात पारा, महाकाल चौक, आजाद चौक, महेश पथ, लोहार पारा, माँ काली शक्ति पीठ, बस स्टैण्ड, मरकापारा विश्राम, 11.8-25 दिन- पंचम सोमवार प्रारंभ मोहड, सिंगदई, हल्दी सिंगोला माँ भानेश्वरी मंदिर में मठपारा विश्राम, 31.7.2025. दिन. गुरुवार मोतीपूर, ममता नगर, तुलसीपुर, लेबर कालोनी, संगम चौक तुलतीपूर विश्राम करेंगे। गौरी नगर से भी भव्य पालकी यात्रा निकल जाएगी।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज कबीरधाम जिले के पंडरिया आएंगे

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने प्रस्तावित



कार्यक्रम की तैयारियों का किया निरीक्षण, आधिकारियों को दिए निर्देश कवर्धा 05 जुलाई 2025। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का 06 जुलाई को सुबह 11 बजे कबीरधाम जिले के नगर पालिका पंडरिया के पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रवास प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान में सहभागिता और नारी शक्ति के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# कानून के दायरे में रहकर छत्तीसगढ़ पुलिस कर रही अपराधियों की नकेल कसने का काम

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** बीते कुछ वर्षों में 20-22 वर्ष के युवाओं में चाकूबाजी जैसी गंभीर आपराधिक प्रवृत्तियों में बढ़ोतरी देखी गई है। हालांकि समाज में अपराधियों के हौसले बुलंद होने की चर्चा होती है, लेकिन हकीकत यह है कि पुलिस पूरी संवेदनशीलता और कानूनी मर्यादाओं के साथ लगातार सख्त कार्यवाही कर रही है।

आज भले ही मानवाधिकार आयोग के दिशानिर्देशों के कारण पुलिस सार्वजनिक रूप से अपराधियों का जुलूस नहीं निकालती, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि पुलिस की कार्रवाई कमजोर हुई है। हर अपराधी को चिन्हित कर समय पर गिरफ्तार करना, न्यायालय में पेश करना और ठोस सबूतों के आधार पर उन्हें जेल भेजना — यह पुलिस की मजबूत और कानूनी रूप से टिकाऊ कार्यप्रणाली को दर्शाता है।

**न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान, लेकिन अपराध पर कोई समझौता नहीं**

आज की पुलिस कानून के दायरे में रहकर काम करती है और यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है। पुराने समय में अपराधियों को समाज में घुमाकर शर्मिंदा किया जाता था, लेकिन अब पुलिस व्यवस्था के आधुनिक और संवैधानिक तरीकों का पालन कर रही है — जो अधिक प्रभावी और टिकाऊ हैं।

**पुलिस की डिजिटल निगरानी, अपराधियों की ट्रैकिंग में मददगार**

वर्तमान में पुलिस सिर्फ गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि साइबर निगरानी, डिजिटल डाटा, अपराधियों की प्रोफाइलिंग और लगातार मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर रही है, जिससे अपराधियों पर कड़ी नजर बनी रहती है।

**समाज की भी जिम्मेदारी जरूरी**

पुलिस का मानना है कि युवा अपराधों को रोकने में समाज की भी अहम भूमिका है। यदि परिवार, समाज और शिक्षण संस्थाएं सजग रहें, तो युवा अपराधों में निश्चित रूप से गिरावट लाई जा सकती है।

**पुलिस का सख्त संदेश:**

च्हमारे हाथ कानून से बंधे जरूर हैं, लेकिन हमारे इरादे और कार्रवाई में कोई ढील नहीं है। हर अपराधी को उसकी सही जगह पहुँचाना ही हमारा संकल्प है।

**निष्कर्ष:** चाहे कानून बदलें या प्रक्रियाएं, छत्तीसगढ़ पुलिस का एक ही लक्ष्य है — समाज को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाना। बिना शोर-शराबे के, पूरी ताकत और कानूनी दक्षता से पुलिस आज भी वही काम कर रही है, जिसे कभी जुलूस निकालकर किया जाता था — अपराधियों को सबक सिखाना और आम जनता को सुरक्षित रखना।

# यातायात सुदृढ़ करने प्रशासन ने समझाईश के बाद आज गुड़ाखु लाईन में अतिक्रमण हटाया










**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा सुगम आवागमन के लिए प्रशासन अभियान चला रही है। जिसके परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के निर्देश पर प्रशासन ने दो बार चेम्बर ऑफ कामर्स तथा व्यापारियों की बैठक लेकर चर्चा किए और कल प्रशासन की टीम शहर के प्रमुख मार्गो में जाकर दुकान की सीमा में समान रखने व अतिक्रमण हटाने समझाईस दिए थे। समझाईस उपरांत अवमानना पर आज नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एस.डी.एम. श्री खेमलाल वर्मा, सी.एस.पी. श्री पुष्पेन्द्र नायक, तहसीलदार श्री अमीय श्रीवास्तव सहित प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ आज गुड़ाखु लाईन क्षेत्र में स्वयं निरीक्षण कर कार्यवाही किए। उल्लेखनीय है कि शहर के व्यस्तम मार्गो तथा बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों द्वारा समान बाहर रखकर एवं समान बाहर लटकाकर व्यवसाय किया जाता है, तथा शेड निकाला जाता है। जिससे यातायात बाधित होती है, आवगमन में असुविधा होती है। इन्ही बातों को ध्यान में रखकर प्रशासन ने यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने तथा बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया और कलेक्टर के निर्देश पर व्यापारियों की मिटिंग लेकर चर्चा की गई और शहर में भ्रमण कर व्यापारियों को समझाईस भी दी गई। समझाईस उपरांत गुड़ाखु लाईन का निरीक्षण करने पर व्यवस्था में सुधार नही पाया गया। अत: व्यवस्था सुधारने आज प्रशासन द्वारा गुड़ाखु लाईन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया।

**दुकान के बाहर रखे समान जप्त कर अतिरिक्त लगे शेड तोड़े**

गुड़ाखु लाईन क्षेत्र में आज निरीक्षण के दौरान रोड के दोनो ओर दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर समान रखा पाया गया वही कई दुकानदारों का समान बाहर लटका पाया गया। कुछ के द्वारा तो दुकान के बाहर लम्बा चैड़ा शेड भी लगाया था। जिस पर आज प्रशासन के प्रमुख अधिकारी दल-बल के साथ गुड़ाखु लाईन तथा आजाद चैक के दुकाने जहॉ दुकान के बाहर समान रखा गया था, उनका समान जप्ती की कार्यवाही कर दुकान के बाहर लगे शेड मानव बल एवं जेसीबी से हटाया। कार्यवाही के दौरान कुछ दुकानदारों ने स्वयं समान हटाया, जिनका समान नही हटा था उनका समान प्रशासन के टीम ने हटाई।कुछ दुकानदारों द्वारा विरोध करने पर निगम आयुक्त, एसडीएम, सीएसपी एवं तहसीलदार अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों को समझाईस दिए है कि, शहर के बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने सहयोग करें। दुकानों के बाहर समान रखने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा समान खरीदी करने वाले पार्किंग के अभाव तथा दुकान में खड़े होने की जगह नही होने पर खरीददारी करने भी नही आते, जिसे कारण व्यापार में भी असर होता है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर आप सब को सहयोग करना है। आपके सहयोग से ही दुर्घटना को रोका जा सकता है। उन्होने शहर के बाजार क्षेत्र के व्यापारियों से कहा है कि, समान दुकान की सीमा में रखे अतिक्रमण न करें। अपालन पर प्रशासन की टीम समान जप्ती एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेंगी। उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

nandgaon times JULAI-06-2.qxd 7/5/2025 10:51 PM Page 2



## सावन महीने के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को भोरमदेव पदयात्रा का होगा भव्य आयोजन

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष सावन महीने के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को पूरी भव्यता के साथ भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। भोरमदेव पदयात्रा सबेरे 7 बजे से बूढ़ा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर भोरमदेव मंदिर तक होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जन आस्था से जुड़े भोरमदेव पदयात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्था के संबंध में भोरमदेव सनातन तीर्थ ट्रस्ट कबीरधाम के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, मीडिया प्रतिनिधियों, सर्व अध्यक्ष क्लब, संघ एवं अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई और महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए।



## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025: कबीरधाम जिले में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत भव्य वृक्षारोपण, सहकारिता से समृद्धि का संकल्प

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर कबीरधाम जिले ने सहकारिता की शक्ति का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। जिले की समस्त 90 सेवा सहकारी समितियों, भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना, एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी कारखाना के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत प्रत्येक समिति में पौधे लगाए गए, जिनमें फलदार, औषधीय एवं छायादार वृक्षों को प्राथमिकता दी गई। वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम को न केवल पर्यावरणीय संरक्षण का माध्यम माना गया,

## एक पेड़ माँ के नाम ' अभियान के अंतर्गत बैग लेस डे पर पौधा रोपण

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुंगेरी नवागांव में बैग लेस डे पर पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत पेड़-पौधे लगाये गए । छात्र जीवन साहू द्वारा अपनी माँ गोदावरी साहू के नाम से शाला परिसर पर पेड़ लगाया गया। साथ ही पेड़ पौधें जल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिससे हम जल संकट से निदान पा सकते हैं। जिसकी जानकारी शिक्षक माधव साहू द्वारा दिया गया।इस अवसर पर सरपंच भेलेन्द्र नेताम,शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू, प्रधानपाठक गैंद लाल डहरे, माधव साहू ,शिक्षिका श्रीमती दीपिका साहू, अंजु देवांगन, शशि ठाकुर , ग्रामप्रमुख पन्ना यादव, डॉ खेमुदास साहू, हेमन्त साहू टीलेश्वर साहू , अमरनाथ एवं शाला के बच्चे कुमारी विद्या, नागेश्वर साहू,प्रियंका, सुलेखा, धनेश्वरी,मीरा साहू उपस्थित थे।



## निषाद समाज का बैठक राजनांदगांव में आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला निषाद समाज का मासिक बैठक 6 जुलाई 2025 रविवार को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष छगन लाल निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद की उपस्थिति में आयोजित की गई है । समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी व सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा ।

**शुभांक**

**2-3-6**

**223-7 267-5**

# बिहार मुक्ति आंदोलन का पॉचवा दिन - बौद्ध उपासको ने लगाई शासन से गुहार

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** बिहार के गया स्थित बौद्ध बिहार को संपूर्ण रूप से बौद्ध उपासको को सौंपने हेतु राजनांदगांव में जारी राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन का आज पांचवा दिन रहा, जिसमें सैकड़ो की संख्या में बौद्ध उपासक धरना स्थल पर पहुंचकर धरना को समर्थन दिया । इस अवसर पर धरना को संबोधित करते हुए राजनांदगांव बौद्ध बिहार के भिक्षु धम्मतप ने कहा कि हमारे पास रहने के लिए सिर्फ यही एक धरती है, इस धरती के अतिरिक्त कोई दूसरी जगह नहीं है जहां हम जाकर निवास कर सकते हैं,, हमें यही रहना है और जो कुछ भी हम आज करेंगे वो हमारी आने वाली पीढ़ियो के लिए होगी। इसलिए आज हम ऐसा कुछ कर जाये कि हमारी आने वाली पीढ़िया हम पर गर्व कर सके। हमे उन पीढ़ियो के चलने के लिए साफ-सुथरा रास्ता बनाना है ताकि उन्हे कोई परेशानी न हो, आज भी हम बौद्ध बिहार को बौद्ध समाज को सौपवाने में सरकार से असफल रहे तो आने वाली पीढ़िया हमे कभी माफ नही कर पायेगी। भिक्षु धम्मतप ने कहा कि इस आंदोलन में भारत के प्रत्येक बौद्ध धर्मावलंबी शामिल है। जिस कुल को ज्ञान की प्रासि ही भारत में हुई हो जिसकी प्रतिमा भारत में हो उस पर




अधिकार सिर्फ बौद्धो का होगा । और ये अधिकार हम सरकार से लेकर रहेंगे । विदित हो अंग्रेजो द्वारा आजादी के पूर्व जो व्यवस्था बौद्ध बिहार के लिए की गयी थी सविंधान लागू होने के बाद वह स्वमेय समाप्त हो गया। पर बौद्ध बिहार में आज भी ये परिपाटी जिंदा है। संविधान लागू होने के पूर्व ट्रस्ट में चार हिन्दू बाम्हण और चार बौद्ध भिक्षु लिए जाते थे जब देश के सभी हिस्सो में अंग्रेजो के द्वारा बनाई परंपरा समाप्त हो चुकी है तो आखिर गया स्थित बौद्ध बिहार में ही यह नियम क्यू ।

धरना को संबोधित करते हुए भिक्षु आम्रपाली ने कहा कि हमें फक्र है कि बौद्ध धर्म विश्व के सबसे ज्यादा देशो में माना जाता है और क्यो न माना जाये आखिर बौद्ध धर्म स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर जो यकीन रखता है उन्होने भी बौद्ध बिहार को बौद्धो सौपवाने केन्द्र सरकार से अपील की। धरना प्रदर्शन में शामिल उपासको ने की अपील - धरना प्रदर्शन में शामिल भन्ते, धम्मतप, शामनेर, कोण्डेल, पट्टीसेन, वप्पपटाचारा आम्रपाली, ऑल इंडिया बौद्धिस्ट फोरम के कन्हैयालाल खोब्रागढ़े, बुद्धमित्रा वासनिक, संतोष बौद्ध, सुशांत संजय हुमने, कुनाल बोरकर, दिलीप डोंगरे, प्रमोद मेश्राम, वंदना मेश्राम, नंदा मेश्राम, हर्षिता गजभिये, रजनी बांगड़े, मीनाक्षी श्रीरंगे, निर्मला वासनिक,सायना गजभिये आदि ने जिले सहित दूसरे अन्य जिलो में निवासरत बौद्ध उपासको को इसमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धरने को सफल बनाने की अपील की है।

# चमचमाती नई सड़क नेशनल हाइवे 06 खुटेरी से सुरगी पहुंच मार्ग पर डाली मुरम





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना नवीनीकरण कार्य (नेशनल हाइवे ) एन. एच. 06 से सुरगी पहुंच मार्ग जिसकी लंबाई 11.400 किलोमीटर है। नवीनीकरण कार्य लागत 449.82 लाख है।समूह क्रमांक सीजी 15 एम 49 सन 2024 25 ठेकेदार का नाम व पता राजकाँन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड दुर्ग,छत्तीसगढ़। कार्य पालन अभियंता का नाम पदम संभव मिश्रा,कार्यपालन अभियंता प्रक्रिया इकाई क्रमांक 1,छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्राम विकास विभाग जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ द्वारा नवीनीकरण कार्य की प्रारंभ तिथि 28 3.2025 और नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने का दिनांक संभावित 11.4.26 निर्धारित किया गया है। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मुख्य मार्ग नेशनल हाइवे एन एच 06 से सुरगी पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य को किया गया है। पहली बारिश में ही सड़क पर दरारे और गड्ढे पडना शुरू हो गया है जिसको छुपाने के लिए आज दिनांक 5 जुलाई को शिवनाथ नदी भर्रेगांव पुल के पास गड्ढे को पाटने के लिए मुरमी डाला गया है और ग्राम आरला के पास भी गड्ढो को भरने के लिए मुरमी को डाला गया है।किस तरह से ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन सड़क का निर्माण किया गया है यह पहली बारिश में ही सड़क की गुणवत्ता की पोल खुलने लगी है शासन प्रशासन को चाहिए कि ऐसे ठेकेदार के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

## ग्राम बुद्धुभरदा में लगा स्ट्रीट लाइट

**डोंगरगांव( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत बुद्धूभरदा में स्ट्रीट लाइट लगने से गली मोहल्ले में अंधेरा से अब ग्रामीणों को राहत मिल गई है महिला सरपंच चांदनी साहू ने ग्राम बुद्धुभरदा एवं आश्रित ग्राम कविराज टोलागांव में ग्रामीणों की मांग पर गलियों में स्ट्रीट लाइट क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू के स्वीकृति के उपरांत लगाई है ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से गांव की गली मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की गई थी। पिछले कार्यकाल में भी स्ट्रीट लाइट लगाने ग्रामीणों द्वारा भी लगातार मांग की जाती रही अब बुद्धूभरदा एवं कविराज टोलागांव के गली मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट लगने से ग्रामीणो के चैनसिंह सिन्हा, साहेब राम साहू, यादव राम साहू, टीमन साहू, राकेश साहू, रविशंकर, वासुदेव, जीतू सिन्हा ने खुशी जाहिर की है।

## गांव की गलियों की साफ सफाई हुई

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम बुद्धुभरदा में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ महिलाओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए सरपंच चांदनी साहू के अगुवाई में गांव की गलियों की साफसफाई की । ग्राम में जगह जगह कचरे के ढेर को महिलाओं ने सफाई की । स्वच्छता का संदेश देते हुए महिलाओं ने अपने आसपास को सफाई करने प्रेरित किया।



# गुरु पूर्णिमा महोत्सव में आएंगे डॉ. रमन सिंह

## श्री साई सेवा धमार्थ संस्थान एवं उमंग गणेश उत्सव समिति का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के हमाल पारा में शनि मंदिर रोड में आगामी 10 जुलाई को साई सेवा धमार्थ संस्थान एवं उमंग गणेश उत्सव समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम होंगे जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को आमंत्रित किया गया है। आयोजन के तहत सुबह 7:00 बजे आरती एवं अभिषेक और शाम 7:00 बजे बाबा की पालकी का आयोजन रखा गया है और दूसरे दिन 11 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे बाबा की प्रसादी भंडारा का आयोजन होगा। गौरतब है कि संस्थान एवं समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारीयों ने रायपुर जाकर डॉ. रमन सिंह से प्रत्यक्ष मुलाकात कर उन्हें आमंत्रण मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। जिसमें डॉक्टर सिंह ने हामी भारी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष श्री शरद सिन्हा (पार्षद, वार्ड नं. 25), उपाध्यक्ष श्री सुरेश चौरड़िया सचिव श्री नीरज शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री कमलेश अवचट, सह-कोषाध्यक्ष श्री शैलेन्द्र अवचट, मीडिया प्रभारी श्री मनोज सिन्हा, नवनिर्वाचित सदस्य उमेश यादव, प्रहलाद सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य नितीन अवचट, रितेश शर्मा, विकास, कृष्णा बाबा ठाकुर, दिपक साहू, दिपक गायधने, राहूल गुप्ता, विशेष सहयोग श्री चंदू राठौर, श्री प्रकाश कांकरिया, सदस्यगण सोनू यादव, विजय शर्मा, बंटी गोलछा, ऋषि नामदेव, पप्पू साहू, फिरोज खान, तोरण गायधने, अजय भिमटे मोनू कांकरिया, अंकालू साहू, शंकर साकूरे, जीतू यादव, गोलू ठाकुर, मयंक अवचट, अश्वनि नागवंशी, संजय सुराना, विनोद राठौर, मोनू रोकड़े, अनूप शर्मा, महेन्द्र सिन्हा, मिणेन्द्र चौबे, सुरेन्द्र शर्मा, गोलू पिल्ले, राजू जाटव, राजेन्द्र परमार, नवी महराज, नवीन गुप्ता, धीरज शर्मा, आशीष गुप्ता, नरेन्द्र शर्मा एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित रहेंगे।



# मंच संचालक समिति एवं कलाकारों ने दी दीपक साहू को श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों मंच संचालक समिति छत्तीसगढ़ के निवर्तमान प्रदेश सलाहकार एवं राजनांदगांव जिला इकाई के निवर्तमान अध्यक्ष छोटू साहू सिंघोलिया के ज्येष्ठ पुत्र दीपक साहू का अस्वस्थता के चलते आकस्मिक निधन हो गया। निधन का समाचार सुनते ही सिंघोला सहित आस पास के क्षेत्र में शोक का माहौल है। जानकारी मिलते ही शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना? व्यक्त करने व दीपक साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करने बड़ी संख्या में मंच संचालक एवं लोक कलाकार सिंघोला में उपस्थित हुए। इस अवसर पर धरोहर लोक मंच के संचालक एवं लोक गायक महादेव हिरवानी , स्वर धारा के संचालक एवं गायक विष्णु कश्यप, लोक गायक वासुदेव साहू, खुमानसाव संगीत अकादमी के संचालक गोविन्द साव, लोक कलाकार रोहित चंदेल, उमेश पनरिया, साकेत साहित्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष लखनलाल साहू लहर जनपद प्रतिनिधि राकेश सिंघोलिया,उद्घोषक नरेश सोनवान,भूपेंद्र निषाद,रोशन साहू, धनंजय साहू, साहिल, सोहन साहू, हरीश, जितेंद्र साहू, तीरथ यादव, अमित कुमार, दुष्यंत देशमुख, सहित बड़ी संख्या में मंच संचालक समिति प्रदेश के पदाधिकारियों एवं लोक कलाकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दीपक साहू के आकस्मिक निधन को अपूरणीय क्षति बताया।




# जन्मदिन पर शिक्षिका का संदेश पर्यावरण व माताओ को जोड़ा शिक्षा से

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक पेंड माँ के नाम तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक शाला मुंजाल पाथरी संकुल चिरचारी कला में प्रधानपाठक श्री मति दीपमाला साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न प्रजाति के छायादार व फलदार पौधे रोपण किये। शिक्षिका दीपमाला साहू के दुवारा अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के तहत कक्षा पहली दूसरी पढ़ने वाले बच्चों के माताओ को घर मे खेल खेल में घर मे उपलब्ध संसाधनों से ही कैसे शिक्षा दी सकती है पर विस्तार पूर्वक बताया व नियमित स्कूल भेजे जाने का आव्हान किया ।शिक्षिका के दुवारा अपने जन्मदिन के अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों व माताओ के साथ शाला परिसर में बेल काजू बादाम कटहल आम शमी गुलमोहर रीटा समेत अन्य कई प्रजाति के पौधे रोपित किये और उनके सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक महिला माताओ को दिया गया। गौरतलब हो कि शाला परिसर बिना सुरक्षा के अस्त व्यस्त था जंहा रात्रि में जानवरो व असमाजिक तत्वों दुवरा गंदगी फैलाया जाता था जिसे स्वयं के व्यय पर जाली तार के दुवरा फेसिंग कर परिसर का सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये जिसे ग्रामीणों दुवारा सराहा गया। अंत मे स्कूली बच्चों को न्योता भोज कराया गया।



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202506092200037**

विषय:- अ-74. मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2024-2025
मुरमुंदा (प ह न. 00031),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- साधुदास जोशी,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक साधुदास जोशी पिता सुंदरलाल जोशी आयु 73 वर्ष जाति सतनामी निवासी ग्राम मुरमुंदा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि कृषक ग्राम मुरमुंदा प.ह.न. 31 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 808 में ख.न. 433/1 रकबा 0.0960हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.0960हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में साधू पिता सुंदरलाल जाति सतनामी सा. देह के नाम पर दर्ज है। आवेदक साधुदास जोशी की उक्त वाद भूमि का किसान किताब (ऋण पुस्तिका) भुलवश कही गुम हो गई है, तथा डुप्लीकेट किसान किताब बनाना चाहता है। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 16.07.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202506092200022**

विषय:-व-121. मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः-2024-2025
मुरमुंदा प.ह.न. 00031 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- बंशीलाल.
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बंशीलात पिता लालजी जाति कुर्मी सा. मुरमुंदा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पोता सुरज कदम पिता बिनेश कदम का जन्म दिनांक 24.01.2014 को ग्राम मुरमुंदा में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 14.07.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202506092200021**

मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः-2024-2025
विषय:- ब-121
बोरतलाव प.ह.न. 00027 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार- हरिराम,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिराम आ. चंदूराम जाति गोंड सा. बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के माता जेना बाई पति चंदूराम का मृत्यु दिनांक 13.07.1993 को ग्राम बोरतलाब में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.07.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

प्रति लिपि :- आवेदक हरिराम आ. चंदूराम जाति गोंड सा. बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव ईश्तहार का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराकर एक प्रति इस न्यायालय में पेश करे।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/07/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202506092200019**

मामले की श्रेणी:- राजस्व
सत्र:- 2024-2025
विषय:- ब-121
बोरतलाव प.ह.न. 00027 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार - हरिराम,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिराम आ. चंदूराम जाति गोंड सा. बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के बुआ तूरजा पति बारकिया का मृत्यु दिनांक 07.07.1997 को ग्राम बोरतलाब में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.07.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

'प्रति लिपि :- आवेदक हरिराम आ. चंदूराम जाति गोंड सा. बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव ईश्तहार का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराकर एक प्रति इस न्यायालय में पेश करे। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/07/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202506092200017**

मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2024-2025
विषय:- ब-121
बोरतलाव प.ह.न. 00027 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - हरिराम,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिराम आ. चंदूराम जाति गोंड सा. बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के नानी भूली पति कन्हाइ का मृत्यु दिनांक 03.07.1990 को ग्राम बोरतलाब में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.07.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

प्रति लिपि :- आवेदक हरिराम आ. चंदूराम जाति गोंड सा. बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव ईश्तहार का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराकर एक प्रति इस न्यायालय में पेश करे। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/07/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202506092200020**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2024-2025
बोरतलाव प.ह.न. 00027 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार -हरिराम,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिराम आ. चंदूराम जाति गोंड सा. बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के नानी पिल्ले बाई पति जागो का मृत्यु दिनांक 03.05.1995 को ग्राम बोरतलाब में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.07.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

प्रति लिपि :- आवेदक हरिराम आ. चंदूराम जाति गोंड सा. बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव ईश्तहार का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराकर एक प्रति इस न्यायालय में पेश करे। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/07/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

nandgaon times JULAI-06-2.qxd 7/5/2025 10:51 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) जायद की फसल कौन-कौन सी है?*

*2) 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए च्फोकस देशज् के रूप में किस देश को नामित किया गया है?*

*3) सिक्किम की बाढ़ में शहीद हुए सैनिकों के लिए उद्घाटित स्मारक का नाम क्या है?*

*4) हाल ही में किस राज्य ने लामलाई महोत्सव मनाया?*

*5) उग्रम क्या है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) खरबूजी, ककड़ी और खीरा (2) ऑस्ट्रेलिया (3) प्रेरणा स्थल (4) मणिपुर (5) एक एसाल्ट राइफल

## एक पेड़ माँ के नाम

आओ संगी आओ संगवारी,
एक पेड़ लगाबो माँ के नाव।
घाम पियास के बेरा म,
सुरताबो जेकर छाव।
पेड़ पौधा ले हरियाली अही,
त बड़ सुघ्घर लगही गाव।
आओ संगी आओ संगवारी,
एक पेड़ लगाबो माँ के नाव।
चिरई चिरगुन के घलो,
बनही जिहा डेरा।
जेकर छईहा म लइका मन ल,
खेलत देखबो त सुरता अही
अपन बचपन के बेरा।
आओ संगी आओ संगवारी,
माँ के नाव एक पेड़ लगाबो।
अऊ सबके जीवन मे,
सुघ्घर खुशहाली लाबो।
एकरे सेती तो कहिथो संगवारी
जिहा रही हरियाली,उहा रही खुशहाली

**रचनाकार**
**धनुष राम कंवर**
**प्रधान पाठक**
**शासकीय प्राथमिक शाला भरूहाटोला**

# एक साइकिल, एक सपना, और अखंड भारत का गांव-गांव संदेशवाहक - यश सोनी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव की धरती ने एक ऐसा प्रेरणास्त्रोत युवा जन्मा है, जिसने समाज सेवा को अपना धर्म बना लिया है यश सोनी। आज जब लोग बड़े-बड़े संसाधनों के बिना कुछ न कर पाने की बात करते हैं, वहीं यश सोनी एक साइकिल के सहारे गांव-गांव जाकर समाज को बदलने एवं पुरानी पद्धति को साथ लिए हुए एक अलग ही दिशा की ओर बढ़ चुका है।

**स्वच्छता से लेकर वृक्षारोपण तक - प्रकृति के सच्चे सेवक**

यश सोनी का प्रमुख उद्देश्य है ङ्क स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत। गांवों में जाकर वे लोगों को स्वच्छता के महत्व को समझाते हैं। उनका कहना है, च्बरसात से पहले सड़क, नाली, तालाब साफ कर लिए जाएं तो गंदगी नहीं फैलेगी और जल संचयन भी अच्छा होगा।

पिछले वर्ष उन्होंने अकेले 11,000 पेड़ लगाकर एक मिसाल कायम की, जिनमें से 8,000 पेड़ आज भी जीवित हैं। इस वर्ष उनका लक्ष्य है - 50,000 पेड़ लगाना। वन विभाग के सहयोग एवं तालमेल के साथ यश स्वयं गड्ढा खोदकर लोगों को जिम्मेदारी सौंपते हैं - ताकि सिर्फ पौधा नहीं, एक सोच बोई जाए।



गांव-गांव में शांति और समझौते का संदेश साइकिलिस्ट यश सोनी का एक और विशेष अभियान है - विवाद मुक्त गांव। घर-घर जाकर वे पति-पत्नी, परिवारों में हो रहे मतभेदों को सुलझाने में मदद करते हैं। उनका सीधा संदेश है:

समस्या का हल बाहर नहीं, चारदीवारी के भीतर है। बस एक-दूसरे को सुनिए और समझने की कोशिश कीजिए इस धरती पर मूकबाधि जीव जंतु से लेकर हम इंसानों तक सभी को स्वतंत्रता से जीने रहने का अधिकार है प्रत्येक जीव जंतु व नागरिक मूल्यवान है हमें एक दूसरे को समझना है और सम्मान देना है

**महिलाओं में नशा मुक्ति - एक सामाजिक क्रांति**

यश सोनी का मानना है कि यदि महिलाएं गुड़ाकू व मंजन शराब, गुटका पान मसाला जैसे जहर से घटक नशीले पदार्थों को त्याग दें, तो वे सच्चे अर्थों में देश की लक्ष्मी कहलाएंगी। उनका ये संदेश गांव की महिलाओं में जागरूकता फैला रहा है और अनेक परिवार अब इस दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं।

**लोगों के दिलों में यश - गांव के भगवान व क्रांतिकारी जवान बेटे**

यश सोनी की लोकप्रियता इतनी है कि गांव में सूचना मिलते ही या फिर उनके गांव में पहुंचने से पहले ही लोग इकट्ठा हो जाते हैं। कई जगह उन्हें सादगी से बोरेबासी परोसा जाता है, और वे उसे प्रेम से स्वीकारते हैं। अब गांव वाले उन्हें अपने परिवार का सदस्य मानते हैं ङ्क सुख का तो पता नहीं लेकिन दुख की घड़ी में सूचना मिलते ही सारा काम छोड़कर श्री सोनी गांव वालों के लिए मौजूद हो जाते हैं।

**सिस्टम से नहीं, संकल्प से जुड़ा बदलाव**

आज भी यश सोनी को शासन से कोई आर्थिक सहयोग नहीं मिल पा रहा है, लेकिन पुलिस प्रशासन का पूर्ण समर्थन उन्हें प्राप्त है। बावजूद इसके, वे बिना रुके अपने मिशन में जुटे हुए हैं - अकेला चल पड़ा हूं, और अकेला ही काफी हूं लेकिन भरोसा है कि कारवां बन जाएगा।

# डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी जयंती को मंडल स्तर पर मनाएगी भाजपा

### मंडल प्रभारी तय किए गए

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष एवं जनसंघ के आधार स्तंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को जिला भाजपा मंडल स्तर पर मनाने जा रही है इस तारतम्य में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश भाजपा के आवाहन पर जिला संयोजक किशुन यदु ने सभी 16 मंडलों के प्रभारी संगठन की सहमति से तय कर दिए हैं जिसके अनुसार राजनांदगांव उत्तर व दक्षिण मंडल सुबह 11 बजे जिला भाजपा कार्यालय राजनांदगांव मुख्य वक्ता श्री कोमल सिंह राजपूत जी राजनांदगांव ग्रामीण मंडल पूर्व सुबह 11:00 बजे सामुदायिक भवन सुरगी मुख्य वक्ता श्री नीलू शर्मा जीए ग्रामीण मंडल पश्चिम सुबह 11 बजे सामुदायिक भवन सिंघोला मुख्य वक्ता श्री खूबचंद पारख जा डोंगरगढ़ शहर मंडल सुबह 11:00 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ मुख्य वक्ता श्री रामजी भारती जीए डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल दोपहर 01:00 सामुदायिक भवन बिजनापुर मुख्य वक्ता श्री सुरेंद्र सिंह बन्नोआना जी एवं सुनील जैन जी घुमका मंडल दोपहर 11:00 बजे सामुदायिक भवन घुमका मुख्य वक्ता श्री अतुल रायजादा जी तिलई मंडल दोपहर 1:00 बजे देवांगन भवन तिलई मुख्य वक्ता मूलचंद लोधी जीए डोंगरगांव मंडल दोपहर 12:00 बजे यादव भवन डोंगरगांव मुख्य वक्ता श्री दिनेश गांधी जी अर्जुनी मंडल दोपहर 3:00 बजे अटल समरसता भवन अर्जुनी मुख्य वक्ता श्री मधुसूदन यादव जी श्री राम कुमार गुप्ता जी तुमड़ी बोड मंडल दोपहर 2:00 बजे पटेल भवन तुमड़ी बोड़ मुख्य वक्ता श्री गिरवर साहू जी मुसरा मुरमुंदा मंडल दोपहर 1:00 बजे साहू भवन मुरमुंदा मुख्य वक्ता श्री कैलाश शर्मा जी लाल बहादुर नगर मंडल दोपहर 1:00 बजे सामुदायिक भवन लाल बहादुर नगर मुख्य वक्ता श्री विनोद खांडेकर जी छुरिया मंडल दोपहर 2:00 बजे साहू धर्मशाला छुरिया मुख्य वक्ता श्री एम डी ठाकुर जी श्री चंद्रिका प्रसाद डड़सेना जी कुमरदा मंडल दोपहर 3:00 बजे आदिवासी हल्बा भवन कुमरदा मुख्य वक्ता श्री लक्ष्मी नारायण गुप्ता जी गैंदाटोला मंडल सुबह 11:00 बजे सामुदायिक भवन गैंदाटोला मुख्य वक्ता श्री हिरेन्द्र साहू जी जिला भाजपा के महामंत्री रविंद्र वैष्णव सौरभ कोठारी एवं राजेंद्र गोलछा ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित का आह्वान किया है।



# सेवा निवृत्त प्रधान पाठक द्वारा न्योता भोजन कराया गया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुज्जी में सेवा निवृत्त प्रधान पाठक तीरथ राम देवांगन सपरिवार पहुंच कर न्योता भोजन कराया । न्योता भोजन में खीर पूरी मोतीचूर के लड्डू परोसा गया। न्योता भोजन से सभी बच्चे प्रसन्न हुए । इस अवसर पर तीरथ राम देवांगन सेवा निवृत्त प्रधान पाठक उनके धर्मपत्नी सरस्वती देवांगन, उनकी सुपुत्री कु.साक्षी, शाला विकास समिति के पदाधिकारी विशाखा घरेन्द अध्यक्षा,जे आर यादव, से. नि. शि., देवानंद साहू, हेमंत कुमार देवांगन,जगत राम सोनकर,संस्था के समस्त शिक्षक डी.मानकर प्रभारी प्रधान पाठिका, भूमिका साहू, कुमारी करुणा देवांगन, कुमारी केशिनी साहू , नंदा रामटेके ,अक्षय कुमार श्रीवास्तव , हेमीन साहू , कमला देवांगन, रमशीला , पूजा शर्मा, कुमारी बाई साहू एवं स्व-सहायता समूह के महिलाएं तथा छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे थे। न्योता भोजन हेतु प्रभारी शिक्षिका द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



## सुरगी पंचायत ने चलाया स्वच्छता त्योहार अभियान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आदर्श ग्राम सुरगी में स्वच्छता त्यौहार प्रत्येक शनिवार को मनाया जाता है। जिसमें इस शनिवार 5 जुलाई को ग्राम सुरगी में शीतला तालाब व मंदना तालाब के पास सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही स्वच्छता ग्राहियों को पंचायत प्रतिनिधियों ने रेनकोट वितरण किया।इस मौके पर सुग्रीव साहू सरपंच, श्रीमती जावंतीन चंदेल सचिव,युवराज साहू उपसरपंच, महेश दिवाकर पंच, भुवनेश्वरी देवदास पंच, कु. वेदिका, पुष्पा, बसंती, उत्तरा,हुलसीबाई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टूमीन बाई मितानिन प्रेरक,भारती साहू, कमलेश्वरी मितानिन,गैंद लाल, रूपेंद्र चतुर्वेदी पंचायत ऑपरेटर एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।



# गायत्री विद्यापीठ में फायरलेस कूकिंग विद डैड प्रतियोगिता का आयोजन

### बच्चों ने बनाए एक से बढ़कर एक व्यंजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के बीच फायरलेस कूकिंग विद डैड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त आयोजन का उद्देश्य बताते हुए शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में माता-पिता का महत्वपूर्ण योगदान होता है, पिता भी बच्चों से अधिक जुड़े होते हैं जो पिता से भी बहुत कुछ सीखते हैं वे उन्हें एक अच्छा सैफबनाने में भी मददगार होते हैं। ऐसे ही पाक विधा में पारंगत प्रतिभावानों को एक अच्छा मंच प्रदान करने का यह एक सुनहरा अवसर हैं। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था मीडिल विभाग के प्रमुख श्री विमल शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा की गई। इस प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट एवं सेहत से भरपूर व्यंजन बनाए जिसमें नारियल के लडडू, सत्तू के पेड़े, फ्रूट कस्टर्ड, ब्रेड चाट, मलाई मोजितो, रस मलाई, फ्रूट पराठा, चॉकलेट केक आदि शामिल थे। शाला की व्याख्याता व मीडिया प्रभारी श्रीमती उषा झा से मिली जानकारी के अनुसार उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में श्रीमती बीना परमार एवं श्रीमती विभा बुद्धदेव उपस्थित थी जिन्होंने सभी प्रतियोगियों द्वारा बनाए गए व्यंजनों की भूरि-भूरि प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों द्वारा बनाए गए सभी व्यंजन लाजवाब हैं इनके द्वारा बिना ईंधन के झटपट इतने स्वादिष्ट व्यंजन बनाना बहुत बड़ी कला है। इस स्पर्धा में प्रथम वेन्या मरकाम, द्वितीय अरनव साहू, तृतीय रियांश गायधने, सांत्वना पुरस्कार जीनिशा साहू को प्राप्त हुआ। इसके साथ ही मोस्ट इम्प्रेसिव प्लेटिंग महेक टेभुरने, मोस्ट क्रिएटिव डिश वेद पटेल, डायनामिक ड्यू अकांक्षा साहू, डिश ऑफ द डे नित्या पालेवार को प्रदान किया गया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक प्रभारी श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।




## धर्म समाचार....

# सभी मनोकामना पूर्ण करती है देवशयनी एकादशी

अरविन्द तिवारी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी यानि आज पड़ने वाली एकादशी को देवशयनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा इस एकादशी को आषाढ़ी एकादशी / पद्मा एकादशी / हरिशयनी एकादशी भी कहते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये पुरी शंकराचार्य आश्रम / मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने बताया कि देवशयनी एकादशी का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। आज भगवान विष्णु की पूजा करने का भी विशेष महत्व है , क्योंकि यह तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है। इस दिन शालिग्राम की पूजा करना / दान करना / लक्ष्मी-नारायण के मंदिर में तुलसी के पौधे का दान करना भी शुभ माना जाता है। इसके अलावा केले के वृक्ष की पूजा करना भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। देवशयनी एकादशी के दिन ऊं नमो भगवते वासुदेवाय नमः मंत्र का जाप करें या विष्णु सहस्त्र नामावली के अतिरिक्त विष्णु चालीसा का पाठ करें। विष्णु पुराण में इस एकादशी का काफी महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस एकादशी का व्रत करने वाले लोगों को सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है , उनकी सभी मनोकामनायें पूर्ण होती है और मृत्यु के बाद उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। देवशयनी एकादशी का व्रत सभी मनोकामनाओं को पूरा करने वाला माना गया है। इस दिन किये गये पूजन व दान-पुण्य से अक्षय पुण्य की प्रप्ति होती है। इस दिन फ्लाहार के साथ व्रत किया जाता है। वहीं देवशयनी एकादशी व्रत के कथा को सुनने से समस्त पापों का नाश होता है और इस व्रत को करने से मोक्ष की भी प्राप्ति होती है। व्रत का पारण अगले दिन सुबह तुलसी का पूजन और ब्राह्मण को अन्न / वस्त्र / दक्षिणा दान करने के बाद ही होता है। इसी दिन से चातुर्मास भी प्रारंभ हो जाते हैं। इन दिनों तपस्वी भ्रमण नही करते बल्कि वे एक ही स्थान पर रहकर तपस्या (चातुर्मास) करते हैं। इन दिनों केवल ब्रज की यात्रा की जा सकती है क्योंकि इन दिनों भूमंडल के समस्त तीर्थ ब्रज में आकर निवास करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस रात्रि से भगवान विष्णु विश्राम अवस्था में चले जाते हैं और इसके बाद देवोत्थान एकादशी को भगवान का शयन काल समाप्त होता है। श्रुतिस्मृति पुराणों के अनुसार इस दिन से भगवान विष्णु क्षीरसागर में शयन करते हैं , जबकि कहीं ङ्क कहीं इस अवधि में भगवान विष्णु के पाताल के राजा बलि के यहां निवास करने की बातें आती हैं। भगवान विष्णु के शयनकाल के दौरान शादी-विवाह / नामकरण / जनेऊ / गृहप्रवेश जैसे समस्त प्रकार के मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है और देवउठनी एकादशी से सभी मांगलिक कार्य फिर से आरंभ हो जाते हैं। भगवान विष्णु के विश्राम करने से सृष्टि का संचालन भगवान शिव करते हैं। चातुर्मास में भगवान शिव जगत के संचालक और संहारक दोनो की भूमिका में होते हैं , चातुर्मास में भगवान शिव और उनके परिवार की पूजा होती है। आषाढ़ महीने की पहली




एकादशी को योगिनी और अंतिम एकादशी को देवशयनी एकादशी कहा जाता है। इस साल देवशयनी एकादशी के दिन तीन योग बन रहे हैं - रवि योग / शुभ योग और शुक्ल योग। ये सभी योग शुभ कार्यों के लिये उत्तम होते हैं। इन शुभ संयोग के बनने से एकादशी का महत्व और बढ़ रहा है। इस योग में किये गये कार्यों में सफलता मिलने के साथ साथ मान सम्मान की प्राप्ति होती है।

**भगवान की शयनावस्था का कारण**

वामन पुराण में बताया गया है कि एक बार राजा बलि ने अपने बल के प्रयोग से तीनों लोकों पर अपना अधिकार जमा लिया था। यह देखकर इंद्र देवता समेत अन-?य देवता घबरा गये और श्रीहरि? की शरण में पहुंचे। देवताओं को परेशान देखकर भगवान विष?णु ने वामन अवतार धारण किया और राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंच गये। राजा बलि ने वामन देवता से कहा कि जो मांगना चाहते हैं मांग लीजिये। इस पर वामन देवता ने भिक्षा में तीन पग भूमि मांग ली। वामन देवता ने अपने पहले और दूसरे पग क्रमशः धरती और आकाश को नाप लिया। अब तीसरे पग के लिये कुछ नहीं बचा तो राजा बलि ने अपना सिर आगे कर दिया। भगवान यह देखकर राजा बलि से बेहद प्रसन-?न हुये और उनसे वरदान मांगने को कहा। बलि ने उनसे वरदान में पाताल लोक में बस जाने की बात कही और बलि की बात मानकर उनको पाताल में जाना पड़ा। ऐसा करने से समस-?त देवता और मां लक्ष?मी परेशान हो गये। अपने पति विष?णुजी को वापस लाने के लिये मां लक्ष?मी गरीब स-?त्री के भेष में राजा बलि के पास पहुंची , उन-?हें अपना भाई बनाकर राखी बांध दी और उपहार के रूप में विष?णुजी को पाताल लोक से वापस ले जाने का वरदान ले लिया। मां लक्ष?मी के साथ वापस जाते हुये श्रीहरि ने राजा बलि को वर दिया कि वे प्रत?येक वर्ष आषाढ़ शुक?ल पक्ष की एकादशी से कार्तिक मास की एकादशी तक पाताल में ही निवास करेंगे और इन चार महीने की अवधि को उनकी योगनिद्रा माना जायेगा। यही वजह है कि दीपावली पर मां लक्ष?मी की पूजा भगवान विष?णु के बिना ही की जाती है। वहीं एक अन-?य पौराणिक कथा में बताया गया है कि एक बार शंखचूर नामक राक्षस से भगवान विष?णु का काफी लंबा युद्ध चला और अंत में असुर मारा गया। युद्ध करते-करते भगवान विष?णु थक गये और शिवजी को सृष्टि का काम सौंपकर योगनिद्रा में चले गये।इसलिये इन चार महीनों में भगवान ही विष?णुजी का काम देखते हैं और यही वजह है सावन में शिवजी की विशेष रूप से पूजा की जाती है।

**देवशयनी एकादशी व्रत कथा**

एक बार सूर्यवंश में एक महान प्रतापी राजा मांधाता राज करते थे। राजा बहुत चक्रवर्ती और प्रजा के हित में सोचने वाले थे। धन धान्य से परिपूर्ण उनके राज्य में कभी अकाल नहीं पड़ा था। लेकिन एक बार लगातार तीन साल तक बारिश ना होने की वजह से अकाल पड़ गया। अकाल पड़ने के कारण प्रजा को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और धन की कमी होने के कारण सारे धार्मिक कार्य बंद हो गये। जब राजा तक यह बात पहुंची तो जंगल में अंगिरा ऋषि के आश्रम में पहुंचे। जब उनसे आने का कारण पूछा गया तो उन्होंने सारी बात बता दी। तब उन्होंने देवशयनी एकादशी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आप पूरी प्रजा के साथ देवशयनी एकादशी एकादशी का व्रत विधि पूर्वक करें , ऐसा करने से प्रजा को अकाल पड़ने से मुक्ति मिलेगी। ऋषि अंगीरा के सुझाव के अनुसार ही राजा मांधाता ने पूरी प्रजा के साथ देवशयनी एकादशी का व्रत विधिपूर्वक किया और उस व्रत के प्रभाव से वर्षा हुई , अकाल से मुक्ति मिली और फिर से राज्य धन-धान्य से संपन्न हो गया।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# अधिकारियों को छका रहे रेत तस्कर

## तीसरी बार मोके से बेरंग लौटे अधिकारी, नगर के वार्ड नं 8 में दिनदहाड़े हो रहा रेत का अवैध खनन



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के वार्ड नं 8 में करियाटोला में कई महीनों से दिन रात खुलेआम रेत का अवैध खनन और परिवहन किया जा रहा है द्य करियाटोला से निकलने वाली रेत नगर में ही ऊंचे दाम पर बेचा जा रहा है द्य इससे राजस्व विभाग को रोज लाखों का चूना लगाया जा रहा है द्य इसमें कई नेता और ठेकेदार भी इस खदान में अपनी हिस्सेदारी रखते हैं द्य लगातार रेत माफिया प्रदेश, जिले और नगर में अधिकारियों के नाक के नीचे रेत खनन हो रहा है जिससे अधिकारियों पर भी सवालिया निशान लग रहा है द्य राजनांदगांव के मोहड़ वॉर्ड में गोली कांड होने के बाद भी रेत माफिया बेखोफहै।

**करिया टोला घाट से लाखों ट्रिप रेत का हो चुका है खनन**

डोंगरगांव नगर से ही वार्ड में अभी तक बीते दो माह से लगातार ताबड़तोड़ रेत का अवैध खनन हो रहा है द्य इस घाट से अभी तक लाखों ट्रिप रेत का खनन हो चुका है द्य यहां आने से ही साफदिखता है कि किस प्रकार ताबड़तोड़ रेत का खनन हो चुका है

**एसडीएम, तहसीलदार भी नहीं कर पाए कार्यवाही**

करिया टोला घाट अधिकारियों से के लिए चेलेंज साबित हो रहा है द्य कई बार खुद एसडीएम और तहसीलदार इस मामले को लेकर कार्यवाही करने इस घाट पर पहुंचे पर उन्हें बेरंग लौटना पड़ा द्य शनिवार को सूचना मिलने पर एसडीएम और तहसीलदार के मार्गदर्शन में मोके पर आरआई सिवाना और पटवारी मौके पर पहुंचे जहां गाड़ी होने के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से लगातार अधिकारी सवाल के घेरे में आ रहे हैं द्य

**अधिकारियों को छका रहे रेत तस्कर**

लगातार करिया टोला रेत खनन का मामला सुर्खियों में बना रहता है द्य मोके पर कार्यवाही करने पहुंचे अधिकारी आरआई भारत सिवाना और पटवारी नीरज द्विवेदी ने बताया कि मोके पर दो ट्रैक्टर पकड़ा गया था इसके बाद पुलिस बल को गाड़ी



थाना लेकर जाने के लिए संपर्क किया गया पर घंटो इंतजार के बाद भी पुलिस नहीं पहुंचा इसकी सूचना एसडीएम और तहसीलदार को भी दिया गया द्य जिसके बाद चालक दूसरी चाबी लेकर गाडियो को भगा ले गए द्य

**डंप करके हाइवा से होता है परिवहन**

नदी से रेत निकालने के बाद जगह जगह डंप करने के साथ जेसीबी के माध्यम से हाइवा में लोड करके ऊंचे दाम पर बेचा जा रहा है।

> जानकारी मिलने पर कार्यवाही की जा रही है आगे भी कार्यवाही जारी रहेगा।
> **अनुविभागीय अधिकारी श्रीकांत कोराम**

## मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा मोहर्रम पर दिग्विजय कॉलेज के सामने रखे जाएंगे ताजिए

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 6 जुलाई 2025, रविवार को मोहर्रम



के अवसर पर कर्बला के शहीद हजरत इमाम हुसैन की याद में श्रद्धापूर्वक ताजिया रखा जाएगा। इस संबंध में पंचायत अध्यक्ष सिकंदर गौरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार ताजिया अटल सैय्यद बाबा की मजार से निकलकर दिग्विजय कॉलेज के सामने रखा जाएगा।इस अवसर पर हुसैनी यादों को जीवंत करने के लिए हिंदुस्तान के प्रख्यात नातख्वान इमाम हुसैन की शहादत की याद में नात प्रस्तुत करेंगे। साथ ही, हैदरी अखाड़ा अपनी पारंपरिक एवं आकर्षक अखाड़ा प्रस्तुति देगा, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं और नागरिकों से अनुरोध किया है कि 6 जुलाई को दोपहर 4 बजे से रात 10 बजे के मध्य दिग्विजय कॉलेज परिसर में पहुंचकर ताजिए की जियारत करें और इस पवित्र अवसर पर शरीक होकर अपनी हाजिरी दर्ज कराएं। इस आयोजन को लेकर मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और कार्यक्रम को शांति, श्रद्धा एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने की अपील की गई है।

## सांगिनकछार में ग्राम समिति का गठन

**आसरा ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम सांगिनकछार में ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि मनोहर वर्मा एवं ग्रामीण पटेल होमेशवर वर्मा द्वारा गांव में बैठका आयोजित किया गया जिसमें ग्रामीण के सर्वसम्मति से गांव में सभी 12 वार्ड में सदस्य निर्वाचित हुए और अध्यक्ष कोषाध्यक्ष सचिव बनाया गया जिसमें अध्यक्ष नरेश वर्मा, कोषाध्यक्ष केजऊ वर्मा, सचिव बिहारी लाल सिन्हा, सदस्य तिलक खुटे, भुजबल साहू, रितेंद्र नेवला, सुमंत वर्मा, राजेन्द्र बंधे, परमेश्वर चंद्रवंशी,सगाराम साहू,पुरन वर्मा,यासुददीन खान को बनाया गया है।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

## 8 साल पुराने डॉक्टर दंपति हत्या कांड का पर्दाफाश

### कबीरधाम पुलिस ने खोला रहस्य, आरोपी गिरफ्तार



**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** दिनांक 06 अप्रैल 2017 को शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. गणेश सूर्यवंशी एवं उनकी पत्नी डॉ. उषा सूर्यवंशी का शव उनके निवास के आंगन में रक्तरंजित अवस्था में मिला था।

प्रारंभिक जांच में यह दोहरा हत्याकांड प्रतीत हुआ, किंतु किसी ठोस सुराग के अभाव में मामला अंधकार में चला गया। पुन: विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी सत्यप्रकाश साहू, पूर्व में डॉक्टर दंपति का ड्राइवर रह चुका था और उसने डॉक्टर को लगभग 1.80 लाख रुपये उधार दिए थे। कुछ दिन पूर्व ही थाना कवर्धा में एक व्यक्ति द्वारा उसके विरुद्ध ब्लैकमेलिंग की शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिससे वह पुलिस पूछताछ के डर से गंडई भाग गया था। पैसों की तंगी से जूझता आरोपी गंडई से कवर्धा लौटा और डॉक्टर से उधार की राशि मांगने गया। उसी दौरान वह उनके घरेलू झगड़े का साक्षी बन गया, जो कि पूर्व में भी कई बार पड़ोसियों द्वारा देखी-सुनी गई थी।बयान के अनुसार, विवाद इतना बढ़ा कि डॉक्टर ने दरवाजा रोकने वाले भारी पत्थर से अपनी पत्नी के सिर पर वार कर दिया। पत्नी ने जवाबी हमले में छोटे पत्थर से डॉक्टर पर प्रहार किया। घायल पत्नी जब जमीन पर गिरी, तो डॉक्टर ने फिर से वार कर उसकी हत्या कर दी। यह सब देखकर सत्यप्रकाश घबरा गया। उसे डर हुआ कि डॉक्टर उसे भी मार सकता है। इसी भयवश उसने डॉक्टर को धक्का देकर गिराया और फिर पत्थर से वार कर उसकी भी हत्या कर दी।

## प्रधान पाठक ने न्योता भोजन में परोसा - पूड़ी - सब्जी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बुचीभरदा स्कूल में आयोजित न्योता भोज में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक - विभूति ठाकुर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर किया।इस दौरान उन्होंने मध्याह्न भोजन के अतिरिक्त अन्य व्यंजन परोसा और खुद बच्चों के साथ भोजन किया।

दरअसल प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत स्कूलों में खास मौके पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं ताकि बच्चों को और ज्यादा आहार-पोषण मिल सके। राजनांदगांव विकासखंड के सुरगी संकुल केन्द्र के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बुचीभरदा के बच्चों को दैनिक रूप से परोसे जाने वाले मध्याह्न भोजन में चावल , दाल एवं सब्जी के अतिरिक्त पूड़ी, सब्जी और चॉकलेट परोसा गया।इसके साथ ही एस एम सी अध्यक्ष अनुरूद्ध कौशिक और रसोईया किरण साहू ने भी आज अपने जन्मदिन पर क्रमश: चॉकलेट और सोनपापड़ी परोसा।भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियाँ छलक रही थी।इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राकेश सोनी, दानदाता प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला श्रीमती विभूति ठाकुर ,एस. एम. सी. अध्यक्षद्वय माध्यमिक अनुरूद्ध कौशिक, प्राथमिक उत्तम सिंह कलिहारी, वरिष्ठ नागरिक मिलन सिंह साहू, चुनूराम साहू, युवा नेता राहुल साहू,शिक्षक चांताराम साहू, रितुराज चतुर्वेदी , विनोद चंद्राकर,लेमत भूआर्य के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, रसोइया के साथ ही साथ स्कूली छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति का लिया जायजा

### ग्राम अंजोरा और सुकुलदैहान में समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण, कलेक्टर ने वृंदावन ग्राम अंजोरा में लगाया आम का पौधा







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे आज शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति का जायजा लेने के लिए राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अंजोरा और ग्राम सुकुलदैहान पहुंचे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने वृंदावन ग्राम अंजोरा में आम का पौधा रोपण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम पंचायत अंजोरा में महिला स्वसहायता समूह सदस्यों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों गुरूचन्दन, गोपीचंदन, रोली कुमकुम जैसे अन्य उत्पादों को अवलोकन किया तथा समूह के सदस्यों एवं संकुल संगठन से आय-व्यय व सदस्यों को हो रहे लाभ के संबंध में चर्चा की। उन्होंने ग्राम अंजोरा में श्री गणेशा हर्बल गुलाल यूनिट में पीपीपी मॉडल के तहत समूह की महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे गुलाल, रोली, चंदन, कुमकुम, पूजन सामग्री के साथ ही व्यापक स्तर पर किए जा रहे पैकेजिंग यूनिट को देखा। वे स्वसहायता समूह एवं संकुल संगठन की महिलाओं से रूबरू हुए। समूह की महिलाओं ने उन्हें बताया कि स्थानीय स्तर पर उन्हें रोजगार मिल गया है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम सुकुलदैहान में बिहान स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक कंपनी के प्रसंस्करण इकाई स्थापना के प्रगतिरत कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने स्वर्ण उपज महिला कृषक उत्पादक कंपनी लिमिटेड का चना कलेक्शन केन्द्र के पूर्ण होने की प्रगति, यूनिट को आगे बढ़ाने, प्रोडक्ट के मार्केटिंग के संबंध में चर्चा की। उन्होंने प्रोसेसिंग यूनिट के प्रगतिरत कार्य को पूर्ण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सरपंच अंजोरा श्री तोरण लाल ध्रुर्वे, सरपंच सुकुलदैहान श्रीमती सरस्वती चंद्रवंशी, सीईओ जनपद पंचायत श्री मनीष साहू सहित अन्य अधिकारी, महिला समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com